हमारी स्वास्थ्य एवं विकलांगता प्रणाली

पब्लिक हैल्थ (सार्वजनिक स्वास्थ्य)

सार्वजनिक स्वास्थ्य आपके बीमार होने से बचाव करने और आपको अपने स्वास्थ्य और कल्याण के प्रबंधन में मदद पर केंद्रित है। इसे निम्न के माध्यम से किया जाता है:

- स्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देना - उदाहरण के लिए, धूम्रपान छोड़ें, सक्रिय रहें, अच्छा खाएं
- रोगमुक्त पानी और भोजन को सुनिश्चित करके लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करना
- स्वास्थ्य और कल्याण की निगरानी के लिए डिज़ाइन किए गए टीकाकरण, स्क्रीनिंग (जाँच) कार्यक्रमों और अन्य सेवाओं के माध्यम से बीमारियों को रोकना
- स्वस्थ सार्वजनिक नीति के लिए पैरवी करना जैसे कि सक्रिय परिवहन विकल्प, स्मोक फ्री (धूम्रपान मुक्त) कानून, और जुए तथा शराब की दुकानों तक पहुंच कम करना
- संक्रामिक महामारी और वैश्विक महामारी पर प्रतिक्रिया करना।

एक मजबूत और अधिक जुड़ी हुई सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया का मतलब है कि न्यूज़ीलैंड के लोग अधिक समय तक स्वस्थ रह सकते हैं।

क्या बदल रहा है?

स्वास्थ्य मंत्रालय में एक नई सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी, सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति, कार्यनीति, मॉनीटरिंग (निगरानी) और इन्टेलिजेन्स (समाचार) के लिए जिम्मेदार होगी। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरों को बेहतर ढंग से समझने और उन पर प्रतिक्रिया करने में मदद करेगी और सबूतों के आधार पर नीति निर्धारण किया जाएगा।

Health NZ में एक राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा शामिल होगी, जो मौजूदा 12 सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों को एक ही परिचालन सेवा में शामिल करेगी। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को कोओरडिनेट (समन्वित) करके, COVID-19 और खसरे के प्रकोप जैसे खतरों और धूम्रपान जैसे मुद्दों पर बेहतर प्रतिक्रिया कर सकेगी।

Te Hiringa Hauora/दी हैल्थ प्रोमोशन एजेंसी (स्वास्थ्य प्रचार संस्था) हैल्थ न्यूज़ीलैंड में स्थानांतरित हो जाएगी और Health NZ और माओरी हैल्थ अथॉरिटी के बीच एक साझा सेवा बन जाएगी। इससे स्वास्थ्य प्रचार अभियान को डिजाइन करने और इसे चलाने के लिए लगातार क्षमता और विशेषज्ञता होगी जो पूरी प्रणाली में आसानी से उपलब्ध होगी।

सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक नई विशेषज्ञ सलाहकार समिति की स्थापना की जाएगी, ताकि सरकार को सार्वजनिक स्वास्थ्य मामलों पर विशेषज्ञ और स्वतंत्र सलाह दी जा सके। समिति का समर्थन सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

क्यों?

हालांकि COVID-19 के लिए हमारी प्रतिक्रिया विश्व में अग्रणी रही है, इसने कमजोरियों को भी उजागर किया है, विशेष रूप से यह कि राष्ट्रव्यापी खतरों पर प्रतिक्रिया करते समय 12 क्षेत्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों को बेहतर राष्ट्रीय कोओरडिनेशन और नेतृत्व की जरूरत थी, और काम करने के तरीकों और सुधारों को बेहतर ढंग से विस्तार में सक्षम होना चाहिए।

अपनी आबादी के स्वास्थ्य के बारे में अपनी जानकारी का उपयोग करके हम स्वास्थ्य सेवाओं को सबसे अच्छे तरीके से प्रदान करके अपनी स्वास्थ्य और विकलांगता प्रणाली को बेहतर बना सकते हैं। नीति, कार्यक्रमों और गतिविधियों को सूचित करने के लिए सिस्टम के केंद्र में एनालिटिक्स और खुफिया जैसी प्रमुख क्षमताओं को एक साथ लाना इसमें शामिल है। हम यह भी जानते हैं कि बीमारी की रोकथाम, और अच्छे स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने तथा रक्षा करने वाली सेवाओं को डिजाइन करने और प्रदान करने पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

भविष्य में यह कैसा दिखाई देगा?

स्वास्थ्य और विकलांगता प्रणाली को अच्छे स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने, बीमारी की जल्द रोकथाम करने और समुदायों में लोगों की देखभाल करने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरों के बारे में मजबूत राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय प्रतिक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी प्रणाली में तथा अधिक मजबूती से समन्वित किया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि रोकथाम और हस्तक्षेप की गतिविधियां फिट-फॉर-पर्पज (उद्देश्य के उपयुक्त) हैं और लोगों, फानाऊ और समुदायों के मतों को ध्यान में रखा जायेगा।

स्थानीय सेवाओं को समुदायों की ज़रूरतों के अनुसार डिज़ाइन किया जाएगा, और भविष्य में उनकी स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरतों के बारे में योजना बनाई जाएगी। डेटा (आँकड़े) और इन्टेलिजेन्स के अन्य स्रोतों का उपयोग प्रणाली में उन नीतियों और सेवाओं को डिजाइन करने के लिए किया जाएगा जो बीमारी को रोकने और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए पर्यावरणीय खतरों की निगरानी करने के लिए बेहतर तरीके से डिज़ाइन किए गए हैं।

इसके बाद क्या होगा?

आने वाले महीनों में इस बारे में ज्यादा विस्तृत डिज़ाइन का काम किया जायेगा कि नई व्यवस्थाएँ किस तरह से काम करेंगी और इलाकों के जरिए स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के डिज़ाइन में स्थानीय समुदायों से भागीदारी की जायेगी। इस काम में कई विशेषज्ञ और हिस्सेदार शामिल होंगे।

अधिक जानना चाहते हैं?

स्वास्थ्य सुधार कार्य और उसकी प्रगति के बारे में अधिक जानकारी DPMC (डीपीएमसी) वेबसाईट पर ट्रांज़िशन यूनिट के काम के अंतर्गत www.dpmc.govt.nz/our-business-units/transition-unit पर उपलब्ध है।